लाल चुनरिया ओढ़ाएंगे

धुन- जीया बेकरार है
लाल चुनरिया, ओढ़ाएंगे, मईया को सजाएंगे,
घर में, जगराता करवा के, मईया को बुलाएंगे ॥

पवन चौकी, पर मल मल की, 'हम चादर को विछाएँगे' ।
उस पे लगा के, माँ का आसन, 'धूप और दीप जलाएंगे' ॥
भेंटे, मन से गाएंगे, जयकारे लगाएंगे,
घर में, जगराता करवा के, मईया को बुलाएंगे,,,
लाल चुनरिया, ओढ़ाएंगे,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

जब आएगी, मईया घर में, 'घर पावन हो जाएगा' ।
मन को, निर्मल कर देगी माँ, 'आनंद मंगल छाएगा' ॥
माँ को, भोग लगाएंगे, जयकारे लगाएंगे,
घर में, जगराता करवा के, मईया को बुलाएंगे,,,
लाल चुनरिया, ओढ़ाएंगे,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

माँ की किरपा, मेरे घर में, 'रौनक खूब बढ़ाएगी' ।
खोई खुशियाँ, मेरे घर की, 'सब वापस आ जाएगी' ॥
सेवा में, लग जाएंगे, जयकारे लगाएंगे,
घर में, जगराता करवा के, मईया को बुलाएंगे,,,
लाल चुनरिया, ओढ़ाएंगे,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मांगेगे, माता से यह वर, 'छोड़ मेरा घर न जा' ।
मईया, अपने बच्चों पर, 'रखना आँचल का तूँ साया' ॥
माँ की, महिमा गाएंगे, जयकारे लगाएंगे,
घर में, जगराता करवा के, मईया को बुलाएंगे ।
लाल चुनरिया, ओढ़ाएंगे,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

तूँ जो रहेगी, साथ हमारे, दूर रहेंगे दुःख सारे ।
तेरी दया से, चमक जाएंगे, किस्मत के मेरे तारे ॥
अपना, शीश झुकाएंगे, जयकारे लगाएंगे,
घर में, जगराता करवा के, मईया को बुलाएंगे,,,
लाल चुनरिया, ओढ़ाएंगे,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20103/title/lal-chunriya-odhayenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |